

राज्य के पांच जिलों में चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक करते (बाएं से दूसरे) जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा (साथ में बाएं) जिलाधिकारी राजीव रौशन (दाएं) जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल व अन्य ● जागरण

# चिह्नित कर हटाए जाएंगे नदियों के प्रवाह मार्ग में बाधक बने टीले

**जासं., दरभंगा :** सूबे के जल संसाधन व सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री संजय कुमार झा ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर के क्षेत्राधीन समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, बेगूसराय और खगड़िया जिले में कटाव व बाढ़ निरोधक कार्यों की समीक्षा की। सभी जिलों के विभागीय अधिकारियों से एक-एक योजना की विस्तृत जानकारी लेने के बाद उन्हें शीघ्रता से पूरा कराने को जरूरी निर्देश दिए। मंत्री ने निर्देश दिया कि नदियों के प्रवाह मार्ग में जहां भी रुकावट पैदा करने वाले टीले मौजूद हैं, उन्हें चिह्नित कर हटाने की योजना पर विचार करें, ताकि सभी नदियों की अविरलता बनी रहे। सभी कार्यपालक अभियंता अपने क्षेत्र में मनरेगा के तहत कराए जाने वाले कार्यों की सूची तैयार कर उन्हें संबंधित जिला प्रशासन को समर्पित करें।

**30 जून तक सभी काम पूरा करने का निर्देश :** बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल को मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण ने तटबंधों की स्थिति के संबंध में बताया कि इन क्षेत्रों में 79 पर कटाव निरोधी कार्य चल रहे थे। 54 स्थलों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष आठ में 90 प्रतिशत एवं नौ में 50 प्रतिशत कार्य हो चुका है। ये सभी कार्य 15 मई के बाद शुरू हुए हैं। मंत्री ने इन कार्यों को हर हाल में 30 जून तक समाप्त करने का निर्देश दिया। नदी से गाद उड़ाही का काम 30 प्रतिशत तक कर लिया गया है, 25 जून तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। रत्नोपट्टी में 56 प्रतिशत काम हो गया है, कैंपिंग का काम चल रहा है।

**जल संसाधन मंत्री ने की समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, बेगूसराय जिले में बाढ़ निरोधक कार्यों की प्रगति समीक्षा**

**बेगूसराय, मधुबनी व खगड़िया में काम प्रगति पर :** बैठक में विभागीय अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि बेगूसराय की 11 योजनाओं में से छह पूरी हो चुकी हैं। पांच में 80 प्रतिशत तक काम हो गया है। मधुबनी के झंझारपुर - एक की 12 में से 11 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। एक में 50 प्रतिशत तक काम हो गया है। मधुबनी के झंझारपुर - दो की 08 योजनाओं में 03 पूर्ण हैं। पिपड़ा घाट में सीट पाइलिंग का 50 प्रतिशत काम हो गया है। खगड़िया के संबंध में बताया गया कि तटबंध सुरक्षा का कार्य 16 जून को पूरा हो जाएगा। मंत्री ने कहा- दो दो से तीन दिनों के अन्दर तटबंधों की चौकसी के लिए मजदूरों की प्रतिनियुक्ति कर ली जाए।

**कुशेश्वरस्थान में 2800 मीटर में कटाव स्थल पर सुरक्षात्मक काम पूरा:** मौके पर दरभंगा के कुशेश्वरस्थान के बारे में बताया गया कि यहां के 2800 मीटर के कटाव स्थल में कटाव से सुरक्षा के लिए होनेवाला कार्य संपन्न हो गया है।